सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## चतुर्थ सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-4

17 अग्रहायण, 1933 (श०)
बृहस्पतिवार, तिथि ———————
08 दिसम्बर, 2011 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या—86

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) नगर विकास एवं आवास विभाग | .. | .. | .. | 20 |
| (2) राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | .. | .. | .. | 10 |
| (3) कृषि विभाग | .. | .. | .. | 08 |
| (4) पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग | .. | .. | .. | 05 |
| (5) खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग | .. | .. | .. | 12 |
| (6) लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | .. | .. | .. | 25 |
| (7) सहकारिता विभाग .. | .. | .. | .. | 06 |
| | | | कुल योग | 86 |

गोदाम का निर्माण

*257. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री,सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेनीपुर विधान-सभा क्षेत्र (जिला-दरभंगा) अन्तर्गत सज्जनपुर, जैरखेर, बेरमपुर, मनोरमागंज, अरगा उत्तरी, दोकली एवं जगन्नाथपुर पैक्सों में गोदाम भवन नहीं रहने से पैक्स के सदस्यों को काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार पैक्सों में गोदाम भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुनर्वासित करना

*258. श्रीमती मंजू हजारी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के शिवाजीनगर प्रखण्ड के औराग्राम जो महादलित समुदाय के (बांतर जाति) से आते हैं, जिनके घरों की संख्या लगभग 200 है जो सभी भूमिहीन हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भूमिहीन परिवार करेह नदी के दाहिने तटबंध के दोनों तरफ अपना घर बना कर रह रहे हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारातमक हैं, तो सरकार उक्त परिवारों को पुनर्वासित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नाला बनाना

*259. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के नगर पंचायत के नाला निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2008-09 में 5.20 लाख रुपया विसीय वर्ष 2009-10 में 9.68 लाख रुपये एवं वित्तीय वर्ष 2010-11 में 4.16 लाख रुपये मुख्य मंत्री नगर योजना के तहत दिया गया है जिसे अभीतक पूर्ण नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर नाला निर्माण नहीं कराने वाले पदाधिकारी पर कार्रवाई करते हुए नाला निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

जलापूर्ति आरम्भ कराना

*260. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत मेजरगंज प्रखण्ड मुख्यालय में पेय जलापूर्ति हेतु पानी टंकी बनकर 20 वर्ष पूर्व से तैयार है, परन्तु अभीतक जलापूर्ति प्रारम्भ नहीं की गई है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त पानी टंकी से जलापूर्ति प्रारम्भ कराने का विचार रखती है ?

पथ का निर्माण

*261. श्री पद्म पराग राय वेणु--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखण्ड के जोगबनी नगर पंचायत के नेता चौक से खजूरबाड़ी से उत्तर पुरानी जोगबनी महादलित टोला से उत्तर नेपाल बोर्डर रास्ता पर मिट्टी नहीं भरने के कारण आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

शिथिलता बरतने का औचित्य

*262. श्री अवनीश कुमार सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शहरी गरीबों के लिए आधारभूत सुविधा कार्यक्रम (बी०एस०यू०पी०) के तहत शहरी गरीबों के लिए वित्तीय वर्ष 2010-11 में ही 22372 आवास बनाये जाने थे, परन्तु अभीतक 534 आवासों का निर्माण प्रारम्भ किया गया है और उनमें भी कोई पूरा नहीं हुआ है, यदि हां, तो इसतरह की शिथिलता बरतने का औचित्य क्या है ?

---------

मुआवजा का भुगतान

*263. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कृषकों के फसल बर्बाद होने पर सरकार द्वारा मुआवजा का प्रावधान किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बासोपट्टी, जयनगर, खजौली सहित कई प्रखण्डों में वर्षा कम होने के कारण वर्ष 2010 के खरीफ फसल बर्बाद हो गयी है, लेकिन वहां के किसानों को अभीतक फसल की क्षतिपूर्ति हेतु मुआवजा का भुगतान नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त जिला के किसानों को मुआवजा का भुगतान करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदाधिकारी की नियुक्ति

*264. श्री मोती लाल प्रसाद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत नगर पंचायत बैरगनिया में सिटी मैनेजर एवं कार्यपालक पदाधिकारी के पद पर पदस्थापन नहीं होने के कारण नगर पंचायत के कार्य प्रभावित हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त नगर पंचायत बैरगनिया में सिटी मैनेजर एवं कार्यपालक पदाधिकारी के नियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बन्दोबस्ती कराना

* 265. डॉ० दाउद अली--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत नोखा प्रखण्ड के ग्राम बभनपुरवा के खाता संख्या 181, प्लॉट संख्या 228 एवं रकवा 0.12 डीसमील जमीन सर्वसाधारण (बिहार सरकार) की भूमि है;

(2) क्या यह बात सही है कि तत्कालीन अंचलाधिकारी, नोखा द्वारा वर्ष 2005 में अनापत्ति प्रमाण-पत्र एवं चकबंदी पदाधिकारी, नोखा के वाद सं 476/7980 द्वारा धारा 10 (बी०) के अन्तर्गत चकबन्दी खतियान में श्री विष्णु पाण्डेय वो कृष्णा पाण्डेय पिता बाबूलाल पाण्डेय का नाम दर्ज कर दी है, जबकि सर्वसाधारण (बिहार सरकार) की जमीन अनुसूचित जाति/जनजाति के नाम ही बन्दोबस्त करने का प्रावधान है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी पर कार्रवाई करते हुए उक्त भूमि को किसी अनुसूचित जाति/जनजाति समुदाय के लोगों के नाम बन्दोबस्ती कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

गोदामों का निर्माण

* 266. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत इसुआपुर, तरैया एवं पानापुर प्रखंडों में खाद्य भंडारण हेतु सरकारी गोदाम नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि गोदाम नहीं रहने के कारण जन-वितरण प्रणाली के विक्रेताओं को खाद्यान्न उठाव में भारी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों के खाद्यान्न के भंडारण हेतु गोदामों का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा देना

* 267. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नी सैदपुर एवं नानपुर प्रखण्ड के वर्ष अक्टूबर, 2011 में आयी वर्षा से धान, ईख फसल की बर्बादी हो गयी है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड के किसानों को फसल का मुआवजा देने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

* 268. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत पानापुर एवं इसुआपुर प्रखण्ड में प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालय भवन नहीं है जिसके कारण राजस्व एवं विकास कार्यों में काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों में प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

धान क्रय केन्द्र खोलना

* 269. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने धान की सरकारी खरीद के लिए पांच हजार से अधिक क्रय केन्द्र खोलने का निर्णय लिया है और किसानों का भुगतान क्रय केन्द्र पर ही करने का निर्णय लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत शाहकुंड एवं सुल्तानगंज प्रखण्ड धान उत्पादक किसानों का एक महत्वपूर्ण केन्द्र है, किन्तु सरकारी क्रय केन्द्र नहीं खुला है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शाहकुंड एवं सुल्तानगंज प्रखण्ड मुख्यालय में धान क्रय केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कारवाई करना

* 270. डॉ० इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 1 अगस्त, 2011 को प्रकाशित शीर्षक "डी०एम० सी०एच० में घुसा मोहल्लों का पानी" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला स्थित डी०एम०सी०एच० परिसर दरभंगा के डेढ़ दर्जन मुहल्लों में पानी की निकासी नहीं होने के कारण डी०एम०सी०एच० परिसर में जल-जमाव की स्थिति रहती है;

(2) क्या यह बात सही है कि डी०एम०सी०एच० में जल-जमाव के निजात के लिए विगत दो वर्षों से भू-गर्भीय नाले का बहाव इधर से उधर किया गया, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है, जिसके कारण से आम मरीजों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में डी०एम०सी०एच० परिसर में जल-जमाव से निजात दिलाने के लिए कौन-सी कारवाई कबतक, करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदाधिकारी की नियुक्ति

* 271. श्रीमती मंजु हजारी--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के रोसड़ा प्रखण्ड में वर्ष 2009 के नवम्बर माह से प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी का पद रिक्त है, यदि हां, तो क्या सरकार रोसड़ा प्रखण्ड में कृषि पदाधिकारी नियुक्त करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पानी टंकी चालू कराना

* 272. श्री राम बालक सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत विभूतिपुर प्रखंड के सीधीया बुर्जुग, कल्याणपुर, नरहन एवं विभूतिपुर में पानी टंकी में जेनरेटर की व्यवस्था के बावजूद डिजल आपूर्ति की व्यवस्था नहीं होने के कारण पानी टंकी का संचालन नहीं हो पा रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पानी टंकियों को चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

शवदाह गृह चालू कराना

*273. श्री अरूण कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना के गुलबी घाट स्थित विद्युत् शवदाह गृह पिछले 6 माह से बंद पड़े रहने के कारण आम लोगों को शव जलाने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार इसे शीघ्र चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*274. श्री राम प्रवेश राय (क्षेत्र-100)—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत नगर पंचायत बरौली सभी मूलभूत सुविधाओं से वंचित एक नगर पंचायत क्षेत्र है;

(2) क्या यह बात सही है कि नगर पंचायत बरौली के विकास हेतु कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत बरौली जिला गोपालगंज द्वारा अपने पत्रांक 87, दिनांक 28 फरवरी, 2007 के माध्यम से समेकित आवास एवं गन्दी बस्ती विकास कार्यक्रम (आई०एच०एस०डी०पी०) में विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डी०पी०आर०) तैयार कराकर निदेशक, नगर विकास विभाग, पटना को भेजा गया है, परन्तु अबतक स्वीकृति नहीं मिली है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त (डी०पी०आर०) के आलोक में समुचित कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बीज एवं खाद का वितरण

*275. श्री राम नरेश यादव—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा वर्ष 2010 में कृषि संयंत्रों एवं बीज एवं खाद वितरण संबंधी कार्य पैक्स के माध्यम से किये जाने का निर्णय लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्णय के आलोक में सीतामढ़ी जिला में कृषि संयंत्र एवं बीज वितरण पैक्स के माध्यम से नहीं कराया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार पैक्स के माध्यम से उक्त जिलों में बीज एवं खाद का वितरण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

---

पानी टंकी चालू कराना

*276. श्री कृष्णनन्दन पासवान—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के तुरकौलिया बाजार में लगभग 10 वर्ष पूर्व नव-निर्मित पानी टंकी को अभीतक चालू नहीं हुआ है, यदि हां, तो सरकार उक्त पानी टंकी को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

योजना पूरा करना

*277. श्री जितेन्द्र कुमार—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत सरमेरा, बिन्द, अस्थावां एवं कतरीसराय प्रखंडों में ग्रामीण पाईप जलापूर्त्ति योजना का कार्यारम्भ वित्तीय वर्ष 2007-08 में किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना को वित्तीय वर्ष 2010-11 में चालू किया जाना था, लेकिन उक्त चारों प्रखंड में आजतक ग्रामीण पाईप जलापूर्त्ति का कार्य अधूरा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अधूरे पड़े जलापूर्ति योजना को पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

---

चिकित्सालय खोलना

*278. श्री शालीग्राम यादव—क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधवापुर प्रखंड के साहर घाट में पशु चिकित्सालय नहीं होने से पशुओं को इलाज कराने में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार साहर घाट में एक पशु चिकित्सालय खुलवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नाला का निर्माण

*279. श्री विजय कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत लखीसराय नगर परिषद के कवैया मोड़ से लाल पहाड़ी तक सड़क निर्माण एवं नाला निर्माण का कार्य वर्ष 2010 से अधूरा पड़ा है, जिससे वहां के निवासियों को आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क एवं नाला का निर्माण कार्य कबतक पूरा करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

---

कार्रवाई करना

*280. श्री राम सूरत राय—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत औराई एवं कटरा प्रखण्डों में बागमती नदी पर परियोजना का बांध बनने के बाद सैकड़ों एकड़ जमीनों में गुड़हन घास हो जाने के कारण कृषि भूमि बंजर बन जाने से कृषकों की माली हालत दयनीय हो गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बंजर भूमि को कृषि योग्य बनाने हेतु प्रश्नकर्त्ता सदस्य ने दिनांक 1 मार्च, 2011 को माननीय मुख्य मंत्री को पत्र दिया है, परन्तु कार्रवाई आजतक नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बंजर भूमि को कृषि योग्य भूमि बनाने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों?

जलमीनार बनाना

* 281. श्री राम नरेश प्रसाद यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड मुख्यालय में जलापूर्ति हेतु जलमीनार नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि जलमीनार के अभाव में लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार परिहार प्रखंड मुख्यालय में जलमीनार बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

ड्रेनेज की व्यवस्था

* 282. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत नगर पंचायत बिहिया में 14 वार्ड तथा नगर पंचायत शाहपुर में 11 वार्ड है, जिसकी आबादी क्रमशः लगभग 27,000 तथा 17,000 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इन दोनों नगर पंचायत में जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण हमेशा जल-जमाव की स्थिति बनी रहती है, जिससे आवागमन प्रभावित होने के साथ सड़कें भी क्षतिग्रस्त होती हैं;

(3) क्या यह बात सही है कि इस संबंध में प्रश्नकर्त्ता द्वारा माननीय मुख्य मंत्री, बिहार सरकार को अपने पत्रांक 62/11, दिनांक 28 मार्च, 2011 तथा पत्रांक 63/11 दिनांक 28 मार्च, 2011 द्वारा जल निकासी हेतु अनुरोध किया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों नगर पंचायत में जल निकासी हेतु ड्रेनेज की व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला का निर्माण

* 283. श्री फैयाज अहमद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के अधीन दानापुर के अन्तर्गत बसंत बिहार कॉलोनी, आर०पी०एस० पथ, दानापुर पटना में श्री विजय कुमार शर्मा के घर से आर०पी०एस० तक 400 मीटर पथ है जिसमें नाला निर्माण नहीं हो सका है;

(2) क्या यह बात सही है कि नाला का निर्माण नहीं होने के कारण वहां के निवासियों को काफी कठिनाई होती है;

(3)क्या यह बात सही है कि बसंत बिहार कॉलोनी में नाला के निर्माण कराने हेतु उक्त कॉलोनी के आवासियों द्वारा विभाग को वर्ष 2010 में आवेदन दिया था, पर आजतक नाला का निर्माण नहीं कराया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कॉलोनी में नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापित करना

* 284. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर नगर पंचायत में 14 वार्डों में साफ सफाई हेतु मात्र सात (7) नियमित तथा बीस (20) दैनिक सफाईकर्मी है, जिससे शहर के वार्डों एवं नाले की नियमित सफाई नहीं हो पाती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक जयनगर नगर पंचायत में आवश्यकतानुसार सफाईकर्मी को पदस्थापित करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

रजिस्टर से मिलान

* 285. श्री जनार्दन माँझी--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि तत्कालीन प्रमंडलीय प्रबंधक, बिहार राज्य फूड एण्ड सिविल सप्लाइज कॉरपोरेशन, भागलपुर द्वारा मार्च, अप्रील 2007 में जन वितरण प्रणाली के डीलरों द्वारा जमा किये गये 197 डिमांड ड्राफ्टों जिसका कुल मूल्य 0.24 करोड़ रुपये है, का मिलान रोकड़ पंजी तथा बैंक ड्राफ्ट रजिस्टर से नहीं होने के कारण बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गई है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर तत्कालीन प्रमंडलीय प्रबंधक, भागलपुर के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उक्त राशि का बैंक ड्राफ्ट रजिस्टर से मिलान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

--------

क्रय केन्द्र खोलना

* 286. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत काराकाट, संझौली एवं विक्रमगंज प्रखंड मुख्यालय में धान खरीदारी हेतु अभीतक क्रय केन्द्र नहीं खोले जाने से किसानों को काफी असुविधा हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड मुख्यालय में अविलंब धान क्रय केन्द्र खुलवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पानी टंकी चालू कराना

* 287. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरारु प्रखंड एवं गुरुआ प्रखंड में ग्रामीण पेयजलापूर्ति हेतु पानी टंकी का निर्माण हो जाने के बावजूद भी जलापूर्ति नहीं हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त प्रखंड गुरुआ एवं गुरारु में पेयजल के लिए पानी टंकी को कबतक चालू कराने का विचार रखती है ?

--------

आवंटन देना

* 288. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिक अवर प्रमंडल, भागलपुर का कार्यालय एवं प्रमंडलीय भंडार, भागलपुर किराये पर लीला दीपनारायण ट्रस्ट भागलपुर के स्वामित्व वाले भवन में वर्ष 1988-89 से संचालित है, जिसके संबंध में कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिक प्रमंडल, भागलपुर ने अपने पत्रांक 563, दिनांक 27 सितम्बर, 2011 द्वारा मार्च, 1988-89 से मार्च, 2012 तक किराया कुल 11,19, 434 रुपये आवंटन हेतु विभाग को स्मारित किया है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वर्ष 1988-89 से बाकी किराये के भुगतान हेतु 11,19,434 रुपये का अतिरिक्त आवंटन देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

यूरिया का आवंटन

*289. श्री अख्तरूल ईमान--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत विगत तीन वर्षों से 2 लाख हेक्टेयर भूमि पर खरीफ एवं रब्बी फसल की खेती प्रतिवर्ष की जाती है, जिसके लिए केवल 10 हजार मैट्रिक टन यूरिया का ही राज्य सरकार द्वारा आवंटन किया जाता है जो किसानों की आवश्यकता के अनुसार काफी कम है;

(2) क्या यह बात सही है कि आवश्यकता के अनुसार यूरिया का आवंटन नहीं होने के कारण जिला के किसानों को खेती करने में काफी कठिनाइयां होती हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किशनगंज जिला के यूरिया के आवंटन को अविलम्ब बढ़ाने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

योजना को कार्यान्वित करना

*290. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत मुंगेर शहर में कस्तुरबा पेय जलापूर्ति योजना की स्वीकृति राज्य सरकार द्वारा विगत तीन वर्ष पूर्व की गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि आजतक उपर्युक्त योजना से मुंगेर शहर वासियों को शुद्ध पेय जलापूर्ति नहीं की जा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना को आजतक कार्यान्वित नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

---------

आवास उपलब्ध कराना

*291. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि एकीकृत आवास एवं स्लम विकास कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत क्षेत्र में गरीबों को आवास सुविधायें देने का सरकार द्वारा निर्णय फरवरी, 2009 में लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के केसरिया नगर पंचायत में अभीतक गरीबों को एक भी आवास मुहैया उक्त निर्णय के तहत नहीं कराया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शीघ्र ही केसरिया नगर पंचायत में गरीबों को आवास उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदाधिकारी पर कार्रवाई

*292. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के पत्रांक 7064, दिनांक 21 सितम्बर, 2011 एवं 8341, दिनांक 21 सितम्बर, 2011 द्वारा सितम्बर एवं अक्टूबर, 2011 के लिए बी0 पी0 एल0 परिवार में चीनी वितरण हेतु बेगूसराय जिला को 11132 (ग्यारह हजार, एक सौ बत्तीस क्वींटल) का आवंटन दिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त आवंटित चीनी का वितरण बी0पी0एल0 कार्डधारी के बीच पूरे जिला में नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

क्रय केन्द्र खोलना

*293. श्रीमती देवंती यादव--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नरपतगंज तथा भरगामा प्रखंड में धान क्रय केन्द्र नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि क्रय केन्द्र के अभाव में किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों प्रखंडों में धान क्रय केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

चिकित्सालय खोलना

*294. श्री उमाकान्त यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही प्रखंड स्थित मिश्रौलिया पंचायत के रहिकपुर गाँवों में पशुपालकों की संख्या 3000 की है, परन्तु पशु चिकित्सालय नहीं रहने के कारण पशुपालकों को पशु की चिकित्सा कराने में काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वर्णित गाँव में पशु चिकित्सालय खोलने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सम्पर्क पथ से जोड़ना

*295. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार के सभी महादलित टोले को सम्पर्क पथ से जोड़ने का निदेश वर्ष 2008-09 में सरकार द्वारा दी गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के बैकुण्ठपुर प्रखण्ड के 22 पंचायतों सिधवलिया प्रखण्ड के 13 पंचायतों एवं बरौली प्रखण्ड के खजुरिया, हसनपुर, सदौवां, रामपुर, सलेमपुर पूर्वी, सलेमपुर, पश्चिम, पिपरा पंचायतों में वर्ष 2008 से अबतक एक भी महादलित टोलें को सम्पर्क पथ से नहीं जोड़ा गया है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक महादलित टोले को सम्पर्क पथ से जोड़ना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

योजना की स्वीकृति

*296. श्री राणा गंगेश्वर सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के मोहिउद्दीननगर, मोहनपुर, पटोरी, विद्यापति नगर के प्रखंडों में आर्सेनिक जल को शुद्ध कर जलापूर्ति कराने हेतु जिला से एक मात्र बहुद्देशीय ग्रामीण जलापूर्ति योजना राज्य सरकार की स्वीकृति हेतु वर्ष 2010 से भेजा गया है, जो अभीतक विचाराधीन लम्बित है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त बहुद्देशीय ग्रामीण जलापूर्ति योजना की स्वीकृति दिलाते हुए शुद्ध जलापूर्ति कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जलापूर्त्ति करना

*297. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर प्रखण्ड मुख्यालय में जलापूर्त्ति योजना के अधीन वर्ष 2009 में टंकी का निर्माण हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि टंकी बनने के बावजूद अन्दर में पाईप लाइन नहीं बिछाया गया है, जिसके चलते जलापूर्त्ति कार्य वर्ष 2009 से बाधित है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जलापूर्त्ति को चालू करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----------

पेय जलापूर्त्ति कराना

*298. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर प्रखण्ड विगत चार वर्षों से पेय जलापूर्त्ति का संकट है;

(2) क्या यह बात सही है कि पेय जलापूर्त्ति हेतु सरकार द्वारा मिनी जलापूर्त्ति योजना चलाया जा रहा है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार नबीनगर शहर में वाटर टंकी को मिनी जलापूर्त्ति योजना से पेय जलापूर्त्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

हाई मास्क लाईट लगाना

*299. श्रीमती (प्रो०) उषा सिन्हा --क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिले के हिलसा प्रखण्ड में नगर विकास एवं आवास विभाग के पत्रांक 1207, दिनांक 28 फरवरी, 2011 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2010-11 में हाई मास्क लाईट लगाने हेतु 65 लाख रु० का आवंटन स्वीकृत किया था, परन्तु अबतक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर हाई मास्क लाईट लगाने का विचार रखती है ?

-----------

अनाज उपलब्ध कराना

*300. डॉ० अच्युतानन्द--स्थानीय हिन्दी दैनिक दिनांक 2 अक्टूबर, 2011 के अंक में प्रकाशित ''जन-वितरण प्रणाली लागू करने में पिछड़ा बिहार शीर्षक'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में जन-वितरण प्रणाली के द्वारा मात्र 45 प्रतिशत गरीबों को ही सस्ते दर पर अनाज की आपूर्त्ति की जा रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में 70 प्रतिशत परिवारों को तीन महीने में एक दिन भूखा रहना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य के सभी गरीबों को सस्ते दर पर अनाज उपलब्ध कराने के लिए कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जलमीनार चालू कराना

*301. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत सासाराम प्रखण्ड के बेजला में 2005 से ही जलमीनार बनकर तैयार है जो आजतक चालू नहीं हो सका है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जलमीनार को चालू कराने विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पदस्थापन करना

*302. श्रीमती देवंती यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के भरगामा प्रखण्ड में डेढ़ वर्षों से अंचलाधिकारी का पद रिक्त है, जिससे अंचल का कार्य बाधित हो रही है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड में अंचलाधिकारी का पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पेय जलापूर्त्ति की व्यवस्था

*303. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत प्रखण्ड वारिसलीगंज, पकरीबरावां, एवं काशीचक प्रखण्डों में क्रमशः अब्दालपुर, बढ़ौना एवं मधेपुर ग्रामों में जलस्तर काफी नीचे रहने के कारण पेयजलापूर्त्ति में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों में पेयजलापूर्त्ति की समुचित व्यवस्था करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

योजनाओं का कार्यान्वयन

*304. श्री हरि नारायण सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत चण्डी प्रखण्ड के ग्राम पंचायत नरसंडा के ग्राम नरसंडा, नगरनौसा प्रखण्ड के ग्राम पंचायत कैला के ग्राम महमदपुर तथा ग्राम पंचायत कछियावां के ग्राम भोभी में शुद्ध पेयजल की आपूर्त्ति टंकी सहित अन्य कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति हेतु सरकार के स्तर पर विगत 6 माह से लम्बित है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता सदस्य द्वारा इसके लिए दो माह पूर्व स्मारित भी किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लम्बित योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति तथा इसके कार्यान्वयन करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

शौचालय का निर्माण

*305. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखण्ड के भेड़मारा आदिवासी एवं महादलित गांव है, जहां अभीतक सार्वजनिक शौचालय का निर्माण नहीं कराया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर सार्वजनिक शौचालय निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पानी टंकी चालू कराना

*306. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के रफीगंज प्रखंड मुख्यालय में पांच वर्ष पहले से पानी टंकी बनकर तैयार है, जिसे अभीतक चालू नहीं किया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पानी टंकी को चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

क्रय केन्द्र खोलना

*307. श्री अख्तरूल ईमान--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला में अवस्थित सात प्रखंड यथा किशनगंज, कोचाधामन, बहादुरगंज, टेढ़ागाछ, दिघल बैंक, ठाकुरगंज एवं पोठिया में किसी भी प्रखंडों के किसानों का धान विगत दो वर्षों से किसी भी सरकारी एजेंसी द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदा नहीं जा रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार प्रखंड स्तर पर क्रय केन्द्र खोलकर किसानों से धान खरीद अविलंब कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चिकित्सालय खोलना

*308. श्री तार किशोर प्रसाद--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत हसनगंज प्रखंड में प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय नहीं रहने के कारण पशुपालकों को पशुओं का इलाज करवाने में भारी कठिनाई हो रही है;

(2) अगर उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड अन्तर्गत एक प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

शाखा खोलना

*309. श्री राणा गंगेश्वर सिंह--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के मोहिउद्दीननगर प्रखंड में वर्ष 1994 ई० से कार्य कर रहे समस्तीपुर केन्द्रीय सहकारी बैंक की शाखा को बन्द कर दिया गया एवं उसे मोहिउद्दीननगर से काफी दूर दलसिंहसराय की सहकारी बैंक शाखा से जोड़ा गया है, जिससे मोहिउद्दीननगर वासियों को दूर रहने से काफी असुविधा हो रही है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार जनहित में मोहिउद्दीननगर में पूर्व की भांति रखने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जलापूर्ति की व्यवस्था

*310. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत सासाराम नगर परिषद् के वार्ड नं० 1, 2, 3, 4, 5 में आजतक जलापूर्ति की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण वहां के लोगों को पानी के लिए एक से दो किलो मीटर दूरी तक करके पानी लाना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त वार्डों के लोगों को जलापूर्ति हेतु कौन-सी व्यवस्था कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

ठोस उपाय करना

*311. प्रो० चन्द्रशेखर--स्थानीय हिन्दी दैनिक दिनांक 24 फरवरी, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''आयी खुशहाली'' के आलोक में क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2009-10 में सकल राज्य घरेलू उत्पादन में कृषि का योगदान 26 फीसदी से घटकर 19 फीसदी हो गयी है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सकल घरेलू उत्पादन में कृषि के योगदान को बढ़ाने हेतु ठोस उपाय करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

क्रय केन्द्र खोलना

*312. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत खड़गपुर अनुमंडल में धान क्रय केन्द्र की स्थापना आजतक नहीं की गई है जबकि उक्त अनुमंडल में धान की उपज की मात्रा अधिक है, यदि हां, तो क्या सरकार खड़गपुर अनुमंडल मुख्यालय में धान क्रय केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जलमीनार बनवाना

*313. श्री वीरेन्द्र सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत वजीरगंज प्रखंड के तरमा में जलमीनार नहीं रहने से वहां के लोगों को पेय जलापूर्ति में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक तरमा में जलमीनार बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

क्रय-केन्द्र खोलना

*314. श्री कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के अतरी विधान-सभा क्षेत्र अन्तर्गत खिजरसराय अतरी, मोंहड़ा तथा नीमचक-बथानी प्रखण्ड में धान क्रय-केन्द्र अभीतक नहीं खोला गया है, जिससे किसानों को धान बेचने में काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर धान क्रय-केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

गोदाम का निर्माण

*315. श्री नरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समेकित विकास योजना से भोजपुर जिला अन्तर्गत सहार प्रखण्ड सहार में किसानों के अनाज रखने के लिए 2000 मिट्रिक टन का एक गोदाम का निर्माण कराने हेतु वर्ष 2003 में निविदा निकाला गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निविदा के 8 वर्ष बीत जाने के बाद भी गोदाम का निर्माण अभीतक नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर गोदाम का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

इको पार्क की स्थापना

*316. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बिहिया में इको पार्क की स्थापना हेतु जिला पदाधिकारी, भोजपुर ने अपने पत्रांक 1402, दिनांक 21 दिसम्बर, 2009 द्वारा आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना को भूमि उपलब्ध कराने संबंधी प्रस्ताव भेजा गया था तथा पुनः पत्रांक 858, दिनांक 13 जून, 2011 द्वारा भूमि उपलब्धता संबंधी संशोधित प्रस्ताव भी भेजा गया है, जो अभीतक लम्बित है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर इको पार्क की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

क्षतिपूर्ति का लाभ

*317. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर, बिथान एवं सिंघिया प्रखण्डों के किसानों को वर्ष 2009-10 के भीषण ठण्ढ के कारण मक्का एवं आलू-प्याज आदि के फसलों का काफी नुकसान हुआ है, जिसकी क्षतिपूर्ति अभीतक नहीं की गई है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त प्रखण्ड के किसानों को क्षतिपूर्ति का लाभ देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पानी टंकी का निर्माण

*318. श्री मो० आफाक आलम--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड के गुडी पंचायत, मलहरिया पंचायत में स्वच्छता जल मीनार योजनान्तर्गत मई, 2009 में टंकी का निर्माण कार्य शुरू किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त टंकी के निर्माण में सरकारी मानक के अनुसार सीमेंट, बालू एवं लोहा का उपयोग नहीं किया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पंचायत में पानी टंकी का निर्माण कार्य की जांच कराते हुए पानी टंकी के निर्माण कार्य को कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

दोषी पर कार्रवाई

*319. श्री सुबोध राय--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र दिनांक 26 जून, 2011 में प्रकाशित समाचार शीर्षक ''बांका जिले में धान खरीद में चार करोड़ की लूट'' के आलोक में क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकारी दर पर धान खरीद के नाम पर अधिकारियों एवं सहकारी समितियों द्वारा किसानों के हिस्से की करीब चार करोड़ की राशि हड़प कर ली है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जिला के अधिकारियों एवं सहकारी समितियों द्वारा कागजों में ही लक्ष्य से चार गुणा अधिक खरीद का रिकार्ड दिखाकर सरकार एवं जिला प्रशासन को अंधेरे में रखा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जांच कराकर दोषी पर त्वरित कार्रवाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

तालाब की उड़ाही

*320. श्रीमती रंजू गीता--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखण्ड के मधुवन-बसहा पश्चिमी में बसहा गांव के तीनों तालाब जो क्रमश: 5, 3, 2 एकड़, नानपुर प्रखण्ड के कोयली गांव में 30 एकड़ एवं बोखड़ा प्रखण्ड के बनौल पंचायत में 50 एकड़ में तालाबों की उड़ाही विगत 20 वर्षों से नहीं होने के कारण कचड़ा से भरा हुआ है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त तालाबों की उड़ाही करने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जमीन उपलब्ध कराना

*321. श्री रामायण मांझी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूरे बिहार में भूमिहीनों को सरकार द्वारा परती जमीन देने का प्रावधान 2009 में किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि पूरे बिहार में भूमिहीनों को अभीतक परती जमीन 1 कट्ठा भी नहीं उपलब्ध कराया गया है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहार के भूमिहीनों को अभीतक परती जमीन उपलब्ध नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

बोरिंग चालू करना

*322. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई अनुमंडल के सालमारी बाजार में विभाग का बोरिंग विगत 2 वर्षों से खराब है, जिसके चलते जलापूर्ति बाधित है;

(2) क्या यह बात सही है कि जलापूर्ति नहीं होने के कारण सालमारी बाजार में पीने के पानी हेतु हाहाकार मचा हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बोरिंग को ठीक कर चालू करवाने का विचार कबतक, रखती है, नहीं, तो क्यों?

--------

पड़ाव का निर्माण

*323. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के विक्रमगंज अनुमंडल मुख्यालय में कोई बस पड़ाव नहीं है, जिससे यात्रियों को काफी असुविधा होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त अनुमंडल मुख्यालय में बस पड़ाव का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

--------

कार्रवाई करना

*324. डॉ० इजहार अहमद--हिन्दी दैनिक दिनांक 24 मई, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''18 से बढ़कर 32 जिले आर्सेनिक व फ्लोराइडग्रस्त'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में लौह आर्सेनिक व फ्लोराइड प्रभावित भू-गर्भ जलवाले जिलों की संख्या 18 से बढ़कर 32 हो गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत तीन वर्ष पूर्व आर्सेनिक व फ्लोराइड से प्रभावित जिलों की संख्या 18 थी जो वर्ष 2010 एवं 2011 में ताजा सर्वेक्षण कराने पर वह संख्या बढ़कर 32 जिलों में हो गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारातमक हैं, तो सरकार इस संबंध में कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

--------

भुगतान करना

*325. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर में भारतीय रेल बिजली कम्पनी लिमिटेड द्वारा निर्मित 1000 मेगावाट की ताप विद्युत परियोजना के लिए नौ (9) गांवों का भूमि अधिग्रहण किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त परियोजना हेतु अधिग्रहित भूमि में पांच गांव पिरौटा, सुड़ार, सलया, एगहारा, कजाराई को प्रति एकड़ 13,80,000.00 रुपये की दर से तथा चार गांव मंगाबार, धुंधुआ, केरका और खैरा-नारायणपुर के ग्रामीणों को प्रति एकड़ 6,40,000.00 रुपये के दर से भुगतान किया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि एक परियोजना में एक तरह की भुगतान का नियम सरकार द्वारा 2007 में बनायी गयी है;

(4) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त चार गांवों का भुगतान प्रति एकड़ 13,80,000.00 रुपये की दर से कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

योजना का निर्माण

*326. श्री रामायण मांझी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सिवान जिला के गुठनी प्रखंड के ग्राम गुठनी पंचायत पूर्वी एवं ग्राम गुठनी पंचायत पश्चिमी में ग्रामीण स्वजल धारा द्वारा योजना 2007-08 में ही लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि सिवान जिला के गुठनी प्रखंड के ग्राम गुठनी पूर्वी एवं गुठनी पश्चिमी में लिये गये स्वजल धारा योजना का कार्य निर्माण कुछ करके बंद कर दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सिवान जिला के गुठनी प्रखंड के ग्राम गुठनी पूर्वी एवं ग्राम गुठनी पश्चिमी के स्वजल धारा योजना का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है?

--------

जल-जमाव दूर करना

*327. श्री शालिग्राम यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के नालन्दा मेडिकल कॉलेज के समीप भूतनाथ रोड स्थित बहादुरपुर हाऊसिंग कॉलोनी, एम०आई०जी०, सेक्टर-6 का ब्लॉक नं०-7 एवं 8 स्थित सड़क पर विगत 10 वर्षों से जल-जमाव एवं कीचड़ रहने के कारण आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण एवं जल-जमाव दूर कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

क्रय केन्द्र खोलना

*328. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला अंतर्गत अस्थावां, सरमेरा, बिन्द एवं कतरीसराय प्रखंडों में धान क्रय केन्द्र नहीं रहने से किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों के किसानों के हित में धान क्रय केन्द्र प्रखंड में खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

अतिक्रमण से मुक्ति

*329. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत शाहकुंड अंचल, मौजा शाहजादपुर में सर्वे खतियान में भारत सरकार के नाम से दर्ज थाना नं०-145, खाता नं०- 144, खेसरा नं०-103 की जमीन श्रीमती अनुलता देवी, पति श्री उदय चौधरी एवं उनके परिवार के लोगों द्वारा अतिक्रमण कर उसपर मकान बनाया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि हल्का कर्मचारी के 27 मार्च, 2010 और 18 सितम्बर, 2010 तिथियों को उपर्युक्त अतिक्रमण की जानकारी अंचल पदाधिकारी, शाहकुंड को दिये जाने के बावजूद उक्त सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त नहीं की जा सकी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

चापाकल चालू कराना

*330. श्री उमाकान्त यादव—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही एवं लदनियां प्रखण्डों में सारे सरकारी चापाकल मरम्मती के अभाव में बन्द पड़े हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बन्द चापाकलों को चालू कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, और नहीं, तो क्यों?

---

पंचायत को सुविधा देना

*331. श्री छोटे लाल राय—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत नगर पंचायत, परसा का चुनाव दो वर्ष पहले हुआ था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नगर पंचायत को शहरी विकास स्लम योजना के तहत मिलनेवाली सुविधाओं से अभीतक वंचित रखा गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नगर पंचायत को नगर पंचायत की मिलने वाली सुविधा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

---

नगर निगम का दर्जा

*332 श्री विनय कुमार सिंह—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि आपके विभागीय पत्रांक 375, दिनांक 12 फरवरी, 2009 के द्वारा जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी, सारण से नगर परिषद्, छपरा को नगर निगम का दर्जा दिये जाने संबंधी प्रस्ताव भेजा गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, सारण के पत्रांक 506/पं, दिनांक 27 मार्च, 2010 द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद्, छपरा द्वारा विहित प्रपत्र में नक्शा सहित अनुशंसा की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नगर परिषद्, छपरा को नगर निगम का दर्जा प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

---

सिस्टम का निर्माण

*333. श्री आलोक रंजन—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सहरसा नगर क्षेत्र में नालियों की व्यवस्था नहीं रहने के कारण जल-जमाव की समस्या रहती है, यदि हां, तो सरकार सहरसा नगर क्षेत्र में ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नियुक्ति करना

*334. श्री नरेन्द्र कुमार पाण्डेय—क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1935 की धारा 14(क) की उप-धारा व(3) के तहत निर्वाचन हेतु अधिसूचना दिनांक 7 जून, 2008 को जारी किया गया, परन्तु आजतक अधिसूचना होने के बावजूद निर्वाचन नहीं हो सका है, जबकि सहकारी सोसायटी का कार्यकाल समाप्त हो चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि बिस्कोमान, बिहार राज्य सहकारी बैंक, हाउसिंग फेडरेशन इत्यादि शीर्ष सहकारी संस्थाओं के निदेशक मंडल बिना निर्वाचन के गैर-कानूनी रूप से एवं बिहार सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1935 के प्रावधानों के विरुद्ध अपना कार्यकाल समाप्त होने के पश्चात् भी कार्यरत हैं;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बिस्कोमान, बिहार राज्य सहकारी बैंक इत्यादि शीर्ष सहकारी संस्थाओं में प्रशासक तत्काल प्रभाव से नियुक्त करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पार्कों का रख-रखाव

*335. श्री अरूण कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना में वित्तीय वर्ष 2008-09 में 50 पार्कों का निर्माण कराया गया है, जिसमें डिफेंस कॉलोनी पार्क, कंकड़बाग पंचमंदिर के पीछे पार्क, शालीमार स्वीट्स पार्क, बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी सेक्टर-2 पार्क, कांग्रेस मैदान पार्क में लाइटिंग एवं झूला लगाने का कार्य हेतु दो करोड़ राशि आवंटन के बावजूद नहीं हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में प्रश्नाधीन पार्कों के साथ पार्क संख्या 22,23 एवं राजेन्द्र नगर रोड नं० 4 स्थित पार्क समुचित रख-रखाव की व्यवस्था के अभाव में गत डेढ़ साल से जीर्ण-शीर्ण हो गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पार्क के लाइटिंग लगाते हुए खंड (2) में वर्णित पार्कों के रख-रखाव हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है ?

---

वरीयता सूची का संशोधन

*336. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा आरक्षण का पालन कर सहायकों के पद पर नियुक्ति हेतु अपने पत्रांक 1035, दिनांक 15 जनवरी, 2003 द्वारा वरीयता सूची जिलाधिकारी, मधुबनी को भेजा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उप-समाहर्त्ता, मधुबनी के पत्रांक 494, दिनांक 30 जून, 2005 द्वारा उक्त सूची में से सर्वश्री अरविन्द कुमार एवं श्री रंजीत कुमार झा सहित 14 व्यक्तियों की नियुक्ति प्रथम चरण में की गई;

(3) क्या यह बात सही है कि वरीय लिपिकों की उपेक्षा कर उक्त वरीयता सूची में कनीय अनीता कुमारी को प्रथम एवं उमा शंकर विद्यार्थी को द्वितीय स्थान उप-समाहर्त्ता, मधुबनी द्वारा छः माह पूर्व कर दिया है, जिससे वहां के कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो इसकी जांच कराकर आयोग द्वारा भेजी गई वरीयता सूची को पुन: संशोधित करने का क्या औचित्य है ?

---

पानी टंकी चालू करना

*337. श्री श्याम बिहारी राम—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत रोहतास प्रखंड के बकनौरा ग्राम में वर्ष 2000 में टंकी की निर्माण में 300 फीट बोरिंग के बदले 100 फीट ही बोरिंग किया गया, जिससे जलापूर्ति बाधित है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पानी टंकी को चालू करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

विषमता समाप्त करना

*338. श्री राम प्रवेश राय--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले में मिट्टी तेल के कुल आठ थोक विक्रेता हैं, जिसमें सात, आई0 ओ0 सी0 तथा एक बी0 पी0 सी0 एल0 कम्पनी है;

(2) क्या यह बात सही है कि जिले को आवंटित कुल मिट्टी तेल आवंटन का आधा हिस्सा केवल एक ही थोक विक्रेता को सरकार एवं कम्पनियों के द्वारा दिया जाता है, जिसके कारण खुदरा विक्रेताओं को तेल का उठाव करने में काफी परेशानी होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अनुज्ञप्तिधारी आठों थोक विक्रेताओं को बराबर हिस्सा में तेल आवंटन देकर विषमता समाप्त करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----

नक्शा उपलब्ध कराना

*339. श्रीमती रंजु गीता--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी, नानपुर, बोखड़ा एवं सीतामढ़ी अंचलों में जमीनों का नक्शा विगत 10 वर्षों से जिला कार्यालय के अभिलेखागार में नहीं रहने से किसानों को जमीन मापी कराने में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अंचलों के जमीन का नक्शा उपलब्ध कराने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-----

जलमीनार बनवाना

*340. श्री वीरेन्द्र सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत वजीरगंज प्रखंड के वजीरगंज में जलमीनार नहीं रहने के कारण पेय जलापूर्ति में बाधा होती है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक वजीरगंज में जलमीनार बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----

प्रयोगशाला स्थापित करना

*341. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावां, वारिसलीगंज एवं काशीचक प्रखंडों में मिट्टी जाँच प्रयोगशाला नहीं है, जिससे कृषकों को मिट्टी जाँच करवाने में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों में मिट्टी जाँच प्रयोगशाला स्थापित करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*342. श्रीमती अमला देवी --क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत प्रतापगंज प्रखंड के मवेशी अस्पताल का सभी भवन विगत 10 वर्षों से ध्वस्त है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन के ध्वस्त होने के कारण यहां के किसानों को मवेशी का इलाज कराने में काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त ध्वस्त भवन को बनवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पटना :

दिनांक 8 दिसम्बर, 2011(ई0) ।

गिरीश झा,

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान-सभा ।

बि0 स0 मु0 (एल0 ए0), 59--डी0 टी0 पी0--450